सं-12016/17/2023-रा.भा.(क-2)
राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय

चतुर्थ तल, एनडीसीसी II भवन,
जयसिंह रोड, नई दिल्ली
दिनांक: 23 अगस्त, 2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय: हिंदी दिवस और चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, दिल्ली के अवसर पर निमंत्रण पत्र, विजिटर पास और सम्मेलन किट का वितरण।

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि 14 एवं 15 सितंबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम् में आयोजित होने वाले हिंदी दिवस और चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के अवसर पर प्रवेश निमंत्रण पत्र, विजिटर पास और सम्मेलन किट का वितरण निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा:

1. निमंत्रण पत्रों, विजिटर/सिक्योरिटी पास और सम्मेलन किट का वितरण दिनांक 11 से 13 सितंबर, 2024 तक **YMCA भवन, टूरिस्ट हॉस्टल (गेट नं.1) प्रथम तल पर Heinz Auditorium, जयसिंह रोड, नई दिल्ली (निकट राजभाषा विभाग, एनडीसीसी 2 भवन)** में निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा-

11 एवं 12 सितंबर, 2024	प्रात: 10.00 बजे से सायं 6 बजे तक
13 सितंबर, 2024	प्रात: 10.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक

2. पंजीकृत प्रतिभागियों को **निमंत्रण पत्र के साथ एक विजिटर पास भी प्रदान किया जाएगा जिसे सम्मेलन स्थल पर प्रवेश के लिए दोनों दिन पहन कर आना अनिवार्य होगा।**
3. कृपया सुनिश्चित करें कि निमंत्रण पत्र और सम्मेलन किट हर हाल में 11 से 13 सितंबर, 2024 तक प्राप्त कर लिए जाएं। **इसके लिए प्रतिभागी स्वयं उत्तरदायी होंगे। सुरक्षा एवं अन्य कारणों से 14-15 सितंबर, 2024 को अथवा उसके पश्चात कोई निमंत्रण पत्र एवं सम्मेलन किट प्रदान नहीं किए जाएंगे।**
4. जिन अधिकारियों/कर्मचारियों का 13 सितंबर को देर शाम या रात्रि तक अथवा 14 सितंबर, 2024 की सुबह दिल्ली पहुँचने का कार्यक्रम है, वे कृपया विशेष रूप से सुनिश्चित करें कि वे अपना निमंत्रण पत्र हर हाल में ऊपर उल्लिखित विवरण के अनुसार 13 सितंबर, 2024 तक दिल्ली स्थित अपने किसी कार्यालय/प्रतिनिधि के माध्यम से प्राप्त करवा लें।

5. पंजीकरण पोर्टल पर पंजीकरण कराते समय आपको **पंजीकरण संख्या** प्रदान की गई है। निमंत्रण पत्र प्राप्त करने के लिए **कृपया यह पंजीकरण संख्या अपने सरकारी आई कार्ड के साथ लाएं।**

6. यदि किसी कार्यालय से एक से अधिक अधिकारी/कर्मचारी सम्मेलन में भाग ले रहे हैं तो भाग लेने वालों में से कोई एक अधिकारी अथवा कर्मचारी ये निमंत्रण पत्र हासिल कर सकते हैं बशर्ते वे अन्य सभी अधिकारियों का प्राधिकार पत्र (संलग्न प्रारूप में-अनुलग्नक **क**) साथ लेकर लाएं।

7. कृपया ध्यान दें कि यह आयोजन केवल केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों/निगमों/बोर्डों/शैक्षिक संस्थानों आदि में कार्यरत/सेवारत अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए है। किसी भी गैर-सरकारी व्यक्ति अथवा संस्थान को निमंत्रण पत्र प्रदान नहीं किए जाएंगे।

विशेष:

दिल्ली-एनसीआर स्थित मंत्रालयों/विभागों/सम्बद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों आदि के सभी पंजीकृत अधिकारी/कर्मचारी कृपया अपने निमंत्रण पत्र, विजिटर पास एवं सम्मेलन किट 11 सितंबर, 2024 को ही प्राप्त कर लें।

23.08.24

(राजेश कुमार श्रीवास्तव)
संयुक्त निदेशक (रा.भा.)

सेवा में,

सभी मंत्रालय/विभाग/सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालय/बैंक/उपक्रम/निगम/बोर्ड/शैक्षिक संस्थान आदि के पंजीकृत अधिकारी/कर्मचारी।

अनुलग्नक-क

यदि आप अपना निमंत्रण पत्र स्वयं लेने नहीं आ रहे है तो कृपया इस प्राधिकार पत्र को भरें।

निमंत्रण पत्र के संबंध में प्राधिकार पत्र

कृपया मेरा निमंत्रण पत्र एवं सम्मेलन मेरे स्थान पर श्री/सुश्री/श्रीमती --------------------------- ------------------------- पदनाम ------------------------------कार्यालय का नाम ------------------------ ------------------------------- को देने का कष्ट करें।

हस्ताक्षर :--------------------

पंजीकरण संख्या :- (HDS24ABRS------------)

नाम :- ( )

संबंधित अधिकारी की मोहर(पदनाम सहित) :

यदि आपके पास कार्यालयीन मोहर नहीं हैं तो अपने पहचान पत्र की छाया प्रति संलग्न करें|